दिनांक 27.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

डेंगु, मलेरिया, चिकनगुनियां के लार्वा कंन्ट्रोल के लिए छिड़काव जारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर निगम क्षेत्र के वार्डों में डेंगु, मलेरिया, चिकनगुनियां के लार्वा को कन्ट्रोल करने के लिए लार्वा स्प्रे का छिड़काव किया जा रहा है। वार्ड 12 कान्ट्रेक्टर कालोनी में लालबहादुर शास्त्री हॉस्पिटल के पीछे सुलभ के पास, अजय मुर्गी फार्म, स्पर्श अस्पताल के आसपास, कोयला डिपो, शिवमंदिर, बंगाली बाड़ी आदि जगहों के नालियों में छिड़काव किया गया। बस्तियों में जाकर क्लोरीन टेबलेट का वितरण, ब्लिचिंग पावडर का छिड़काव किया जा रहा है।

आयुक्त चौहान ने बरसात के मौसम को देखते हुए लोगों से अपने घरों में एतिहाद बरतने को कहा है, अपने घरों के कुलर, डब्बे, गडढ़े, मटके आदि में पानी एकत्रित न होने दें, नियमित साफ करें, डेंगु के लार्वा साफ पानी में ही पनपते हैं । पानी साफ सुथरा क्लोरीन टेबलेट डालकर गर्म करके पीना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा। जागरुकता से किया गया कार्य ही सबसे बड़ा बचाव है। निगम के सभी क्षत्रों में छिड़काव निरंतर जारी रखने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है।

जनसम्पर्क अधिकारी